# RANCHI WOMEN'S COLLEGE

**NEWS LETTER | December 2022**



## Principal's Message




***Warm greetings !!***

It gives me immense pleasure to present before you the December, 2022 issue of the newsletter of Ranchi Women's College, Ranchi. This newsletter stands testimony to the myriad academic as well as non academic achievement of the students. This also inhibits a record of the achievements of past and inspires the staff and students to took forward with lot's of positivity, hope and excitement for the future. I offer my sincere appreciation to the management of the institution for this endeavour.

***With my best regards,***

**Dr. Shamsun Nehar.**

Principal, Ranchi Women's College, Ranchi

Scanned with CamScanner

## Credits:

**Patron:**
Dr.Shamshun Nehar
Principal
Ranchi women's College

**Editor :**
Dr. Kumari Urvashi
Assistant Professor
PG Department of Hindi
Ranchi women's College

**Sub-Editor :**
1. Dr. Kiran Tiwari
Assistant Professor
PG Department of Hindi
Ranchi women's College

2. Dr. Mamta Kerketta
Assistant Professor
PG Department of English
Ranchi women's College

3. Dr. Manu Bharti
Assistant Professor
PG department of English
Ranchi women's College

# संपादकीय

प्रिय पाठक।

महाविद्यालय का यह न्यूज लेटर अपनी छात्राओं को परिसर जीवन की झलक प्रदान करता है, चाहे वह शैक्षणिक, साहित्यिक, खेल, सांस्कृतिक कार्यक्रम या पाठेतर या सह-पाठयक्रम गतिविधियाँ हों। यह विभिन्न क्षेत्रों में महाविद्यालय की छात्राओं की विभिन्न उपलब्धियों को सामने रखता है, चाहे वह शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक हो।

स्वामी विवेकानन्द कहते हैं कि एक अच्छा शिक्षक विद्यार्थी को पढ़ाता नहीं बल्कि बनाता है। मैं इस न्यूज लेटर को हमारी शिक्षिकाओं तथा छात्राओं के एक प्रयास के रूप में देखती हूं जो भले ही संपूर्ण न हो, लेकिन यह निश्चित रूप से रचनात्मक है।

जिस न्यूज लेटर को आप अपने हाथों में पकड़ रहे हैं वह महाविद्यालय में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के कच्चे माल से लंबी प्रक्रिया में तैयार उत्पाद है। यह संपादकीय बोर्ड के लंबे चिंतन और निरंतर प्रयासों का परिणाम है, जिन्होंने सामग्री को चुनने और सही करने में अत्यधिक सावधानी बरती।

मैं ईमानदारी से अपनी प्रिंसिपल डॉ श्रीमती शमशुन नेहार के प्रति अपना आभार व्यक्त करती हूं, जो मुझे लगातार प्रोत्साहित करने के अलावा, जब भी और जिस भी चीज के लिए मैं उनसे संपर्क करती हूं, मेरी मदद करने के लिए तत्पर रहती। इस न्यूज लेटर की तैयारी के दौरान वे इस कार्य को पूरा करने में प्रेरणा स्रोत बनी रहीं।

मैं पांडुलिपि के प्रूफ रीडिंग के दौरान प्रदान की गई सहायता के लिए अपने सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करना चाहती हूं।

अंततः मैं सर्वशक्तिमान ईश्वर को धन्यवाद देती हूँ जिसने मुझे इस कार्य को पूरा करने के लिए ऐसे वातावरण में रखा जिसके बिना यह न्यूज लेटर कभी दिन का उजाला नहीं देख पाता।

***आप सभी पढ़ने का आनंद लें!***

**डॉ कुमारी उर्वशी**
सहायक प्राध्यापिका
हिंदी विभाग रांची विमेंस कॉलेज



Scanned with CamScanner

## दिनांक 29 जुलाई 2022

मनोविज्ञान विभाग, रांची विमेंस कॉलेज ,रांची के द्वारा साइकोलॉजी सेंटर में विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए काउंसलिंग आयोजित किया गया। काउंसलिंग में मुख्य अतिथि के तौर पर डॉ छाया भारती, असिस्टेंट डायरेक्टर, फॉरेंसिक डिपार्टमेंट, झारखंड उपस्थित रहीं। मनोविज्ञान विभाग की इस शानदार पहल में लगभग 200 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया था और मुख्य मुद्दा यही रहा कि पंजीकृत शिक्षकों और छात्राओं को किस तरह उनकी समस्याओं से निजात दिलाई जाए। काउंसलरों ने छात्राओं को शारीरिक, भावनात्मक और मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों को समझाया, यह उन्हें संकटों को हल करने में मदद करता है, संकट की भावनाओं को कम करता है, और उनकी भलाई की भावना में सुधार करता है। ज्यादातर लोगों की समस्या शैक्षणिक तथा टाइम मैनेजमेंट जैसे विषयों पर केंद्रीत थी। उपस्थित काउंसलर चर्चा कर रहे थे किसको-किसको डिटेल काउंसलिंग की जरूरत है और किन्हें एक या दो सेशन में उचित उपचार दिया जा सकता है। डॉ रोहिता विकास, विभागाध्यक्ष मनोविज्ञान विभाग, रांची विमेंस कॉलेज, डॉ पुष्पा सिंह, डॉ अमिता, डॉ अलका रानी बारा, डॉ राजबाला के कुशल कार्यक्रम संयोजन के लिए प्राचार्या डॉ शमशुन नेहार ने उन्हें बधाई दी तथा प्रोत्साहित किया।

## दिनांक 30 जुलाई 2022

दिनांक 30 जुलाई 2022 शनिवार को रांची विमेंस कॉलेज रांची बी एड डीपार्टमेंट, सत्र 2021 से 2023 के द्वारा "विज्ञान वरदान है" विषय पर वाद-विवाद तथा निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन ऑनलाइन माध्यम से किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि प्राचार्या डॉ शमशुन नेहार एवम् निर्णायक मंडल के रूप में डॉ किरण मिश्रा पूर्व विभाग अध्यक्ष अंग्रेजी विभाग, रांची विश्वविद्यालय, डॉ कुमारी उर्वशी, सहायक प्राध्यापिका हिंदी विभाग, रांची विमेंस कॉलेज, रांची और डॉ नंदा घोष, एसोसिएट प्रोफेसर गणित विभाग, रांची विमेंस कॉलेज रहीं। मौके पर बी एड विभाग रांची विमेंस कॉलेज के शिक्षक डॉक्टर ओम प्रकाश ,विभागाध्यक्ष डॉ विपल्वी और सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा छात्राएं शामिल हुए। प्रिंसिपल के द्वारा शुभकामना देते हुए इस कार्यक्रम को बढ़ावा देते हुए कहा गया कि सिर्फ पढ़ाई ही महत्वपूर्ण नहीं है बल्कि एक्स्ट्रा करिकुलर एक्टिविटी को बढ़ावा देना भी आवश्यक है। आज के जमाने में यह जरूरी है कि सभी को हर क्षेत्र में जागरूक होना चाहिए। उन्होंने कहा कि विज्ञान वरदान है उन्होंने उसके सकारात्मक एवं नकारात्मक पक्षों को भी बताया। इंटरनेट के महत्व को बताया वहीं दूसरी तरफ साइबर क्राइम जैसी हो रही घटनाओं के बारे में भी जानकारी दी। इस कार्यक्रम में सभी प्रशिक्षु शिक्षिकाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। पक्ष के रूप में प्रशिक्षु शिक्षिकाओं ने संचार, कृषि, चिकित्सा विज्ञान, परिवहन का, खाद्य उद्योग, उद्योग में विज्ञान को वरदान के रूप में बताया। विपक्ष के रूप में नए-नए वायरस, परमाणु बम, साइबर क्राइम, आभासी वास्तविकता आदि में विज्ञान को अभिशाप के रूप में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का सफल संचालन छात्रा फाल्गुनी द्वारा किया गया। धन्यवाद ज्ञापन छात्रा प्रज्ञा सिन्हा द्वारा किया गया।



## 14 सितंबर 2022

दिनांक 14 सितंबर 2022 को रांची विमेंस कॉलेज, रांची की प्राचार्या डॉ शमशुन नेहार के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना, रांची विमेंस कॉलेज, रांची की इकाई एक की प्रोग्राम ऑफिसर डॉ कुमारी उर्वशी ने हिंदी दिवस के तहत भाषण प्रतियोगिता तथा लघुकथा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया।









> www.inextlive.com/ranchi

15 September 2022

देश में चाय के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध केंद्र सरकार के प्रयासों से वर्ष 2022 में 2,532 करोड़ से अधिक की चाय का निर्यात किया गया.drrpnishank_

**हिन्दी मन की भाषा, प्रेम की भाषा है**

RANCHI (14 Sep): राजधानी रांची के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में बुधवार को हिन्दी दिवस पूरे उत्साह के साथ मनाया गया. इस दौरान कहीं रंगारंग कार्यक्रम हुए, कहीं हिन्दी की महत्ता पर बात हुई, कहीं भाषण प्रतियोगिता और लघुकथा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तो कहीं-कहीं काव्य सरिता की धारा बही. इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि हमारी मातृभाषा हिन्दी देश के माथे की बिंदी बन गई है. पूरे विश्व में लगभग 18.4 प्रतिशत लोगों द्वारा बोली जाने वाली भाषा बन गई है हिन्दी. इसे और समृद्ध बनाने और इसके प्रचार-प्रसार के लिए हमें अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी, ताकि सिर्फ बातें ही नहीं काम भी हो.

**रांची वीमेंस कॉलेज**

## दिनांक 22 सितंबर 2022

रांची विमेंस कॉलेज रांची में दिनांक 22 सितंबर 2022 को आइक्यूएसी के तहत शिक्षकों के हित में वर्कशॉप का आयोजन किया गया जिस का विषय रहा 'संस्थागत मूल्य और सर्वोत्तम प्रथाएं।' प्राचार्या डॉ शमशुन नेहार के निर्देशन में आइक्यूएसी की को ऑर्डिनेटर डॉ शोभना शरण द्वारा आयोजित वर्कशॉप की तैयारी में डॉ किरण तिवारी, डॉ कुमारी उर्वशी और डॉ नेहा कौर का योगदान रहा।

## दिनांक 23 सितंबर 2022

रांची विमेंस कॉलेज रांची में दिनांक 23 सितंबर 2022 को राष्ट्रीय सेवा योजना, इकाई एक की प्रोग्राम ऑफिसर डॉ कुमारी उर्वशी ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर भाषण तथा निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रांची विमेंस कॉलेज, रांची की एन सी सी को-ऑर्डिनेटर लेफ्टिनेंट डॉ किरण तिवारी रहीं।












Scanned with CamScanner

# RANCHI WOMEN'S COLLEGE, PLACEMENT CELL NEWS

#placementatrwc
ICICI Lombard Icici Lombard visiting RWC campus to hire MBA students

See translation



Early morning bliss 🙂🌅🌅🌅
#EmployabilityskilltrainingatRWC
#ranchiwomenscollege

See translation







So today we have Annapurna (Micro) Finance in Ranchi Women's College
Annapurna Microfinance Annapurna Micro Finance
Ranchi Women's College
#placement2023 #placement
#placementatrwc

See translation



## मैपमाईइंडिया में छह छात्राओं का चयन



रांची. रांची वीमेंस कॉलेज की छह छात्राओं का चयन भारतीय बहुराष्ट्रीय कंपनी मैपमाईइंडिया में हुआ है. सॉफ्टवेयर इंजीनियर ट्रेनी पद पर कंप्यूटर एप्लीकेशन और सूचना प्रौद्योगिकी की छह छात्राओं का चयन हुआ है. इनका सालाना पैकेज 2.5 लाख रुपये है. इन सभी छात्राओं को प्राचार्य डॉ शमशुन नेहार ने बधाई दी. इसमें कॉलेज के प्लेसमेंट सेल की अहम भूमिका रही.

**Vijyata Singh**
We thank our students for always making us proud.
#placement2022atranchiwomenscollege
#placementrwc
#ranchiwomenscollege
Thankyou MapMyIndia — at **Ranchi Women College Arts Block.**



22 Sept 2022

Grooming session in Ranchi Women's College
#placementatrwc2023
#ranchiwomenscollege
#TrainingAndPlacementCell

See translation



## ी वीमेंस कॉलेज की चार छात्राओं का एडटेक में च

. रांची वीमेंस कॉलेज की चार छात्राओं का चयन एडटेक कंपनी एक्स्ट्रा म शन में हुआ. एक्स्ट्रा मार्क्स एजुकेशन ने कॉलेज में स्पेशल प्लेसमेंट ड्राइव जन किया था. इसमें 56 छात्राओं ने हिस्सा लिया है. चयन प्रक्रिया तीन चरण अंतिम रूप से छात्राओं का चयन 4.5 लाख के वार्षिक पैकेज पर हुआ. चय ओं में नम्रता, अंजली झा, सुरुचि कुमारी, निदा शाकिर रही. चयनित छात्र ाचार्या डॉ शमशुन नेहार ने बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं



रांची महिला कॉलेज के प्रशिक्षण और प्लेसमेंट सेल ने 20 सितंबर 2022 को "वित्तीय बाजार और बीएफएसआई क्षेत्र में नौकरी के अवसर" विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया। संगोष्ठी के मुख्य संरक्षक प्रोफेसर (डीआर) आलोक जैन थे जो वित्त के प्रसिद्ध व्याख्याता हैं। . वह आईआईएम कोलकाता के एक वरिष्ठ संकाय रहे हैं और वर्तमान में आईआईएम ग्लोबल बिजनेस स्कूल की सेवा कर रहे हैं। सत्र के दौरान डॉ. आलोक जैन ने बैंकिंग के विभिन्न क्षेत्रों जैसे निवेश बैंकिंग, व्यापार और कॉर्पोरेट वित्त, म्यूचुअल फंड उद्योग और इक्विटी और डेरिवेटिव बाजार पर चर्चा की।



See translation



Industrial visit organised for Semester V students of BBA ,Ranchi Women's College. A group of 78 girls visited Parle G manufacturing unit today to gain insight on production,supply chain and allied management of their favourite biscuit.
#industrialvisit
#departmentofbba
#rwc

See translation



@SkillProLearn
#placementatrwc #placement2023
Ranchi Women's College welcomes the team of Skill Pro Learn, a B2B e-learning tech startup to hire our students from #departmentofEnglish as Content Writers

See translation



We proudly announce that 8 of our students have been selected in #Electrosteel limited which is a group company of #Vedanta Group. They are our physics and chemistry graduates graduating in 2022.
Thank you girls for making us so so so proud.
#placementrwc
#placement2022atranchiwomenscollege
#ranchiwomenscollege
#Electrosteel

See translation

nta
orming for good

जि की आठ छात्राओ



Ranchi Women's College, training and placement cell has collaborated with #Godrej to impart skill training to their final year students.
Godrej Group has taken the initiative of skilling under their CSR bouquet. Ranchi Women's College is the first College in Jharkh... See more

See translation



Piramal Gandhi Fellowship, an initiative of Pirmal healthcare in Ranchi Women's College
#traininganddevelopment
#placement2023atrwc
#rwc
Piramal Sarvajal
@gandhi fellowship

See translation





Ranchi Women's College at Extramarks Education
Special placement drive for Ranchi Women's College Students.
#placement2022atranchiwomenscollege
#placementrwc
#ranchiwomenscollege

See translation



Wipro technologies in Ranchi Women's College
#placementatrwc2023
#ranchiwomenscollege
Wipro

See translation



Early morning bliss 😊
#EmployabilityskilltrainingatRWC
#ranchiwomenscollege

See translation



ICICI Prudential Life Insurance in Ranchi Women's College
#placementatrwc
#placements

See translation



Introductory session of Training & Placement activities to be conducted for upcoming placement batch.
# placementatrwc
#ranchiwomenscollege

See translation



#placementatrwc2023
#ranchiwomenscollege
#TrainingAndPlacementCell
#employabilityskilltrainingatrwc







Scanned with CamScanner

## दिनांक 2 अक्टूबर 2022

दिनांक 2 अक्टूबर 2022 को श्री लाल बहादुर शास्त्री तथा महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर रांची विमेंस कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक की प्रोग्राम ऑफिसर डॉ कुमारी उर्वशी ने वृक्षारोपण तथा निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया। वृक्षारोपण के तहत इकाई एक की प्रोग्राम ऑफिसर तथा टीम लीडर ने अपने अपने घर के आस-पास पौधे लगाए एवं महाविद्यालय में अवकाश के मद्देनजर ऑनलाइन निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिस का विषय रहा 'श्री लाल बहादुर शास्त्री तथा महात्मा गांधी के जीवन एवं विचारों का विद्यार्थी जीवन पर प्रभाव'। आज के इस पवित्र दिन पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में 65 छात्राओं ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दीक्षा कुमारी (स्नातक हिंदी की छात्रा) ,द्वितीय स्थान रानी कुमारी (स्नातक हिंदी की छात्रा) तथा तृतीय स्थान पल्लवी कुमारी (स्नातक राजनीति शास्त्र) की छात्रा को मिला।




## दिनांक 20 अक्टूबर 2022

प्राचार्या डॉ शमशुन नेहार के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक की प्रोग्राम ऑफिसर डॉ कुमारी उर्वशी ने स्वच्छता एवं सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान के तहत महाविद्यालय (रांची विमेंस कॉलेज) परिसर में स्वच्छ. ता अभियान एवं रैली का आयोजन किया। भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के माध्यम से पूरे भारत में 01 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2022 तक स्वच्छ भारत अभियान चलाया जा रहा है। इस संबंध में उक्त अभियान को गति प्रदान करने हेतु दिनांक 20-10-2022 को भारत सरकार द्वारा आहूत इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक की कार्यकर्ताओं ने अपने महाविद्यालय परिसर को स्वच्छ किया। स्वच्छता अभियान एवं रैली में 20 कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया।








कॉलेज कैंपस हुआ प्लास्टिक मुक्त

## दिनांक 31 अक्टूबर 2022

राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर रांची विमेंस कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक की कार्यकर्ता रांची विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित रन फॉर यूनिटी प्रोग्राम में शामिल हुई। आज सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयती के अवसर पर प्रोग्राम ऑफिसर डॉ कुमारी उर्वशी ने रांची विमेंस कॉलेज की एनएसएस कार्यकर्ताओं के लिए निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसका विषय था भारत के राजनीतिक एकीकरण में सरदार वल्लभभाई पटेल का योगदान।




**रांची विश्वविद्यालय ने किया रन फॉर यूनिटी का आयोजन**

रांची : राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर सोमवार को रांची विश्वविद्यालय में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। रांची वीमेंस कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यकर्ताओं द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रोग्राम ऑफिसर डॉ कुमारी उर्वशी ने निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसका विषय था भारत के राजनीतिक एकीकरण में सरदार वल्लभभाई पटेल का योगदान। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर दीक्षा कुमारी, द्वितीय स्थान पर रानी कुमारी महतो, तृतीय स्थान पर रिया कुमारी और चारुबाला कुमारी संयुक्त रूप से रहीं।

# राष्ट्रीय एकता दिवस पर रांची विश्वविद्यालय ने किया रन फॉर यूनिटी का आयोजन

राष्ट्रीय सागर संवाददाता



रांची : राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर सोमवार को रांची विश्वविद्यालय में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। रांची वीमेंस कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यकर्ताओं द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रोग्राम ऑफिसर डॉ कुमारी उर्वशी ने निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसका विषय था भारत के राजनीतिक एकीकरण में सरदार वल्लभभाई पटेल का योगदान। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर दीक्षा कुमारी, द्वितीय स्थान पर रानी कुमारी महतो, तृतीय स्थान पर रिया कुमारी और चारुबाला कुमारी संयुक्त रूप से रहीं। कार्यकर्ताओं ने ऑनलाइन माध्यम से यह प्रतिज्ञा ली कि मैं पूरी तरह से प्रतिज्ञा करती हूं कि मैं राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए खुद को समर्पित करती हूं। मैं इस प्रतिज्ञा को अपने देश की एकता की भावना से लेती हूं, जो सरदार वल्लभ भाई पटेल की दृष्टि और कार्यों से संभव हुआ। मैं भी अपने देश की आंतरिक सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान देने का दृढ़ संकल्प करती हूं। समग्र और निबंध प्रतियोगिता में 22 कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया।

## दिनांक 14 नवंबर 2022

रांची विमेंस कॉलेज की प्राचार्या डॉ शमशुन नेहार के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना, रांची विमेंस कॉलेज, रांची इकाई एक की प्रोग्राम ऑफिसर डॉ कुमारी उर्वशी तथा इकाई दो की प्रोग्राम ऑफिसर डॉ कुमारी भारती सिंह एवं रांची विमेंस कॉलेज के जनजातीय भाषा विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ करमी मांझी के द्वारा 14 नवंबर 2022 तथा 15 नवंबर 2022 को प्रतियोगिताओं का आयोजन कर रही है। शिक्षा मंत्रालय ने देश भर के स्कूलों, कौशल संस्थानों और उच्च शिक्षण संस्थानों में भव्य तरीके से जनजातीय गौरव दिवस मनाने का निश्चय किया है। इसके तहत महाविद्यालय में 14 नवंबर 2022 को झारखंड के स्थापना दिवस एवं भगवान बिरसा मुंडा के जन्मदिवस की पूर्व संध्या पर निबंध लेखन एवं काव्य पाठ प्रतियोगि. ता का आयोजन आर्ट्स ब्लॉक के रूम नंबर 7 में 11:30 बजे से तथा रांची विमेंस कॉलेज के आर्ट्स ब्लॉक स्थित स्मार्टरूम में डीबेट कंपटीशन का आयोजन किया गया। जिस का विषय रहा। contribution of janjatiy Heroes in freedom struggle-

स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय नायकों का योगदान।

वाद विवाद प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल के तौर पर समाजशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ विनीता सिंह, एनसीसी की कोऑर्डिनेटर डॉ किरण तिवारी रहीं। आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में 140 छात्राओं ने हिस्सा लिया। पोस्टर के माध्यम से छात्राओं को राष्ट्रीय स्वतंत्रता आंदोलन में जनजातीय नायकों की छवि को प्रस्तुत करना था। यह प्रतियोगिताएं जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के देश के लिए दिए गए बलिदान को रेखांकित करने, उनकी विरासत को आगे बढ़ाने और जनजातीय संस्कृति, कला व समृद्ध जनजातीय विरासत का संरक्षण करने के लिए आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेंगी ऐसी उम्मीद है। कार्यक्रम में महाविद्यालय की शिक्षिकाएं एवलिना जोजो, जैमुनी बडाईक,तथा छात्राओं ने प्रतियोगी छात्राओं की हौसला अफजाई की।



Scanned with CamScanner

## दिनांक 26 नवंबर 2022

रांची विमेंस कॉलेज की प्राचार्या डॉ शमशुन नेहार के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक की प्रोग्राम ऑफिसर डॉ कुमारी उर्वशी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा आज संविधान दिवस मनाया गया। इसके तहत सर्वप्रथम संविधान की प्रस्तावना का पाठ करते हुए संगोष्ठी का शुभारंभ किया गया। साथ ही पोस्टर तथा निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक के द्वारा आयोजित संगोष्ठी के अतिथि वक्ता पूर्व न्यायिक आयुक्त श्री रामायण पांडेय रहे। पोस्टर तथा निबंध प्रतियोगिता में 26 कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया।





## दिनांक 7 दिसंबर 2022



रांची विमेंस कॉलेज में प्राचार्या डॉ शमशुन नेहार के निर्देशन में युवा महोत्सव के तहत 7 दिसंबर 2022 तथा 8 दिसंबर 2022 को विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। आज 7 दिसंबर 2022 को हिंदी तथा अंग्रेजी भाषा में वाद- विवाद प्रतियोगिता, काव्य -पाठ प्रतियोगिता, नृत्य तथा संगीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। हिंदी काव्य पाठ में राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की रचना कुरुक्षेत्र के प्रथम सर्ग से काव्यांश का पाठ प्रतिभागियों ने किया तथा वाद विवाद का विषय रहा "भारतीय परिप्रेक्ष्य में नई शिक्षा नीति 2020"। अंग्रेजी में काव्य पाठ के लिए चयनित विषय रहा रॉबर्ट फ्रॉस्ट की कविता "द रोड नॉट टेकन"। अंग्रेजी वाद-विवाद प्रतियोगिता का विषय था "इज द न्यू एजुकेशन पॉलिसी मोस्ट सूटेबल फॉर इंडियन सिनेरियो"। हिंदी काव्य पाठ तथा वाद विवाद प्रतियोगिता का संचालन डॉ कुमारी उर्वशी के द्वारा किया गया एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ किरण तिवारी ने किया। हिंदी काव्य पाठ तथा वाद विवाद प्रतियोगिता में डॉ मधुबाला सिन्हा और डॉ प्रज्ञा गुप्ता निर्णायक मंडल के तौर पर मौजूद रहीं। अंग्रेजी के काव्य पाठ और वाद विवाद प्रतियोगिता का संचालन डॉ ममता केरकेट्टा ने किया। निर्णायक मंडल के रूप में डॉ कुमारी भारती सिंह, डॉ सोमा रॉय, डॉ नीलिमा रोज कुल्लू मौजूद रहीं। संगीत प्रतियोगिताओं का आयोजन डॉ पुष्पा सिंह, डॉक्टर लिली बनर्जी, डॉक्टर पूनम धान, मृणालिनी अखौरी, डॉक्टर करमी मांझी, डॉ जयमुनि के निर्देशन में हुआ। संगीत प्रतियोगिता में लाइट वोकल, क्लासिकल, भजन, गजल, वेस्टर्न सोलो सॉन्ग प्रतिभागियों ने प्रस्तुत किया। नृत्य प्रतियोगिता में आदिवासी नृत्य जिसके अंतर्गत खोरठा और नागपुरी नृत्य छात्राओं ने प्रस्तुत किया। क्लासिकल नृत्य के तहत अहाना गुहा ने कथककली प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में डॉ मनु भारती, डॉ करुणा खलखो तथा बड़ी संख्या में शिक्षिकाओं तथा छात्राओं की उपस्थिति रही।





Scanned with CamScanner

## दिनांक 8 दिसंबर 2022



रांची विमेंस कॉलेज में प्राचार्या डॉ शमशुन नेहार के निर्देशन में युवा महोत्सव के तहत 7 दिसंबर 2022 तथा 8 दिसंबर 2022 को विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। आज 8 दिसंबर 2022 को क्विज प्रतियोगिता, ऑन द स्पॉट पेंटिंग, रंगोली, पोस्टर मेकिंग, मेहंदी, क्ले मॉडलिंग, कोलाज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्विज प्रतियोगिता डॉ कुमारी उर्वशी, डॉ किरण तिवारी, डॉ ममता केरकेट्टा, डॉ भारती सिंह, डॉ मनु भारती, डॉ सीमा प्रसाद के निर्देशन में आयोजित किया गया। क्विज प्रतियोगिता भारतीय इतिहास, भूगोल, संस्कृति, खेलकूद, साहित्य से जुड़े सवालों पर आधारित था। ऑन द स्पॉट पेंटिंग, रंगोली, पोस्टर मेकिंग, मेहंदी, क्ले मॉडलिंग, कोलाज प्रतियोगिता का आयोजन डॉ पुष्पा सिंह, डॉ पूनम धान, डॉ अलका रानी सारा, डॉ पुरवाषा ओझा, डॉ करमी मांझी, डॉ जैयमुनि की देखरेख में हुआ। विभिन्न कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में शिक्षिकाओं और छात्राओं ने भागीदारी दी।

## दिनांक 13 दिसंबर 2022

रांची विमेंस कॉलेज की प्राचार्या डॉ शमशुन नेहार के निर्देशन में ऊर्जा विभाग के सहयोग से आज राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई एक प्रोग्राम ऑफिसर डॉ कुमारी उर्वशी, इकाई दो प्रोग्राम ऑफिसर डॉ कुमारी भारती सिंह ,इकाई 3 प्रोग्राम ऑफिसर डॉ हर्षिता सिन्हा ने ऊर्जा संरक्षण सप्ताह के तहत आज 'ऊर्जा संरक्षण का महत्व' विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया। ऊर्जा विभाग के अधिकारियों का स्वागत करते हुए विषय की जानकारी प्राचार्या ने दी।



### 40 साल में ऊर्जा के सभी स्रोत हो जाएंगे खत्म

**ऊर्जा संरक्षण सप्ताह के तहत ऊर्जा संरक्षण का महत्व पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन**

ranchi@inext.co.in

RANCHI (13 Dec) : रांची विमेंस कॉलेज की प्राचार्या डा शमशुन नेहार के निर्देश व ऊर्जा विभाग के सहयोग से राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई 01 की प्रोग्राम अफसर डा कुमारी उर्वशी, इकाई 02 प्रोग्राम अफसर डा कुमारी भारती सिंह, इकाई 3 प्रोग्राम अफसर डा हर्षिता सिन्हा ने ऊर्जा संरक्षण सप्ताह के तहत ऊर्जा संरक्षण का महत्व...विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया. ऊर्जा विभाग के अधिकारियों का स्वागत करते हुए विषय की जानकारी प्राचार्या ने दी. उन्होंने कहा कि हम

**हजारों साल बाद विकसित**

कोयला, तेल और प्राकृतिक गैस सबसे अधिक उपयोग में आने वाले हैं, जिनका वर्तमान स्वरूप हजारों सालों के बाद विकसित हुआ है. ऊर्जा संसाधन सीमित हैं. भारत में दुनिया की आबादी 16 प्रतिशत है और दुनिया के ऊर्जा संसाधनों का लगभग 1 प्रतिशत भाग पाया जाता है. ऊर्जा विभाग के अधिकारी अखिलेश गौतम ने कहा कि अधिकतर ऊर्जा स्रोतों को न तो पुन: उपयोग में लाया जा सकता है और न नवीनीकृत किया जा सकता है. गैर अक्षय ऊर्जा स्रोतों का ईंधन उपयोग में हिस्सा 80 प्रतिशत है. इसलिए ऐसा कहा गया है कि अगले 40 सालों में हमारे ऊर्जा के सभी स्रोत समाप्त हो सकते हैं.



## दिनांक 16.दिसंबर.2022

रांची विमेंस कॉलेज की प्राचार्या डॉ शमशुन नेहार के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई एक प्रोग्राम ऑफिसर डॉ कुमारी उर्वशी, इकाई दो प्रोग्राम ऑफिसर डॉ कुमारी भारती सिंह, इकाई तीन प्रोग्राम ऑफिसर डॉ हर्षिता सिन्हा ने विजय दिवस के उपलक्ष्य पर आज रैली का आयोजन किया। विजय दिवस 16 दिसम्बर को 1971 के युद्ध में पाकिस्तान पर भारत की जीत के कारण मनाया जाता है।



1465_04_2024_Kailash Paper, Ranchi 1800 889 4101

Scanned with CamScanner